डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, वीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | आश्विनी कृष्ण पक्ष 05-2083 | भोपाल, दिन गुरुवार, दिनांक 01 अक्टूबर 2026

न्यूज गैलरी

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में सामूहिक दैनदान आज

भोपाल। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण ए कंपनी में समर्पणता ही सेवा में अभियान-2026 के अंतर्गत एक में अक्टूबर को एक दिन, एक घंटा, के एक साथ अभियान के तहत कंपनी न मुख्यालय सहित क्षेत्रीय एवं हैं। अधिनस्थ कार्यालयों में सामूहिक श्रमदान एवं स्वच्छता गतिविधियां द, आयोजित की जाएंगी। मुख्य सह महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं न प्रशासन) सावेक शर्मा ने बताया कि हैं। कार्यक्रम में अधिकारी-कर्मचारी ए अपने-अपने कार्यस्थल, पक्ष, म टेबल, आलमारी, फाइल एवं ऽ अभिलेखों को व्यवस्थित करने के के साथ ही आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई में सहभागिता करेंगे।

गांधी जयंती पर कल एम्स में मैराथन

भोपाल। एम्स भोपाल के रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (आरडीए) द्वारा 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर सुबह 6:30 बजे एम्स भोपाल में आरडीए मैराथन 2026 का आयोजन किया जा रहा है। मैराथन का उद्देश्य एम्स समुदाय और आम जनता में कार्डियक डिटरेंस, हृदय स्वास्थ्य, बीमारियों से बचाव संबंधी स्वास्थ्य सेवा, स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना है। यह मैराथन गांधी जयंती के अवसर पर, विश्व हृदय दिवस के सप्ताह में और स्वच्छ भारत अभियान का संदेश । आगे बढ़ाने के लिए आयोजित की जा रही है। इस साथ फिटनेस, हृदय संबंधी जागरूकता, स्वच्छता और सामुदायिक स्वास्थ्य जैसे महत्व विषय एक ही मंच पर आएंगे।

युवक की हत्या के दोषियों को उम्रकैद

भोपाल। राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन से कचरे को उतारने को लेकर हुए विवाद पर युवक की धारदार हथियारों से हत्या करने के मामले के अतिरिक्त सत्रवधु सत्रमीशि, लक्ष्मीकान्त एवं श्याम बाबू सत्रमीशि निवासी भोपाल गढ़ को पंचम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीलू राजीव कुमार श्रीवास्तव ने मामले की धारा-302 एवं 323/34 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास और 7000-7000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अभियोजन के अनुसार 15 फरवरी 2019 को फरियादी राजेश खरे द्वारा पुलिस थाना जीआरपी भोपाल में रिपोर्ट दर्ज कराई कि रात करीब 8:30 बजे जीआरपी गेट के सामने रेल्वे यार्ड में खड़ी ट्रेन के कोच से कचरा उतारने को लेकर आरोपियों से विवाद हुआ था। इसी दौरान आरोपियों ने धारदार हथियार से हमला कर मृतक को गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

दो दिवसीय प्रवास में वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं से संवाद, कोर ग्रुप की बैठक में संगठन से जुड़े विषयों पर चर्चा

पहले दौरे पर भोपाल पहुंचे बिप्लब देब और रेखा वर्मा, संगठन-सरकार के समन्वय पर जोर

डीआर संवाददाता॥ भोपाल।

भाजपा के नवनियुक्त सह प्रभारी बिप्लब कुमार देब और सह प्रभारी रेखा वर्मा बुधवार को पहली बार भोपाल पहुंचे। गई जिम्मेदारी मिलने के बाद दोनों नेताओं का यह पहला दो दिवसीय प्रदेश प्रवास है। एयरपोर्ट पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल सहित भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। दोनों नेता 30 सितंबर और 1 अक्टूबर को भोपाल में संगठन से जुड़ी विभिन्न बैठकों और कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं।

भोपाल पहुंचने के बाद बिप्लब देब और रेखा वर्मा सालमाही स्थित प्राचीन गुफा मंदिर पहुंचे। यहां दोनों ने दर्शन-पूजन किया। इसके बाद देब ने पार्टी कार्यालयों और जिला नेताओं से मुलाकात की। उनके कार्यक्रम में कुछ समय से कार्यकर्ताओं से संवाद और पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक भी शामिल है।



कोर ग्रुप की बैठक में वरिष्ठ नेता हुए शामिल

दौरे के दौरान भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश कोर ग्रुप की बैठक आयोजित की गई। इसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर तिवारी, सह प्रभारी रेखा वर्मा सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता शामिल हुए।

बैठक में संगठन से जुड़े विषयों और सरकार तथा संगठन के बीच समन्वय को लेकर चर्चा हुई।

बिप्लब कुमार देब ने कहा कि सरकार और संगठन मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने संगठन को मजबूत करने तथा सरकार के काम को बेहतर तरीके से आगे बढ़ाने के लिए समन्वय पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं को महत्व देती है और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देती है।

1 अक्टूबर को पदाधिकारियों के साथ बैठक

दो दिवसीय प्रवास के दूसरे दिन प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्रदेश पदाधिकारियों, संभाग प्रभारियों और विस्तारक योजी से प्रदेश अध्यक्ष के साथ बैठक आयोजित है। इसमें संगठनात्मक गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की जाएगी।

दोनों नेताओं के दौरे के दौरान वरिष्ठ नेताओं से साथ मुलाकात, स, कार्यकर्ताओं से संवाद और संगठनात्मक बैठकों का सिल सिला जारी रहेगा।

सह प्रभारी रेखा वर्मा ने कहा कि सरकार और संगठन मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने संगठन को मजबूत करने तथा सरकार के काम को बेहतर तरीके से आगे बढ़ाने के लिए समन्वय पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं को महत्व देती है और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देती है।

विशाल मेगा मार्ट में बिजली चोरी पकड़ी, 65.76 लाख का आकलन बिल

भानपुर के 80 फीट रोड स्थित विशाल मेगा मार्ट



डीआर संवाददाता॥ भोपाल।

भानपुर के 80 फीट रोड स्थित विशाल मेगा मार्ट में बिजली चोरी का मामला सामने आया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की जांच में मीटर के बजाय ट्रांसफॉर्मर से रॉ वायर कैबल के जरिए बिजली की सप्लाई कंट्रोल पैनल तक पहुंचाए जाने की बात सामने आई। जांच के आधार पर कंपनी ने 65 लाख 76 हजार 568 रुपए का बिजली चोरी आकलन बिल बनाया है।

सिटी सर्किल के सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर प्रदीप सिंह चौहान के अनुसार कमीत और भानपुर जोन की संयुक्त टीम ने कमर्शियल की जांच की। जांच के दौरान ट्रांसफॉर्मर से रीयो एलर्ट आर्मर कैबल के जरिए बिजली लेने की मिलती मिली। इस मामले में बिल्डिंग मालिक और बिजली का उपयोग करने वाले विशाल मेगा मार्ट के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। परिसर के बेसमेंट में जनरेटर की व्यवस्था भी मिली।

जोनल मैनेजर मोहम्मद कोली के नेतृत्व में टूई जांच में 19 एसी, 473 एलईडी, 95 टयूबलाइट, 42 पंखे, 8 सिलने यूनिट और 2 वाटर पंप का लोड दर्ज किया गया। कुल विद्युत भार 136.65 किलोवॉट पाया गया।

कंपनी के अनुसार पहले परिसर में सिंगल इलेक्ट्रिकल के नाम से 100 केवीए ट्रांसफॉर्मर पर 33 एचवी का कनेक्शन था। बाद में मेगा मार्ट के लिए करीब 180 किलोवॉट के नए कनेक्शन का आवेदन किया गया। ट्रांसफॉर्मर की क्षमता 315 केवीए कराई गई, लेकिन नया कनेक्शन पूरा नहीं हुआ। आरोप है कि इसी दौरान ट्रांसफॉर्मर से सीधे केबल डालकर बिजली का उपयोग किया गया।

सीपीआई की रैली में किसानों, मजदूरों, युवाओं और महिलाओं की भागीदारीय रोजगार,

रामलीला मैदान से उठी हुंकार 'बदलाव जरूरी है'

डीआर संवाददाता॥ भोपाल।

मुख्य चुनाव अधिकृत आयोग सूचना के इलेक्शन की मांग को लेकर गणतंत्र कार्यालय ने बुधवार को कई जिलों में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कई स्थानों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट की ओर बढ़ने का प्रयास किया। पुलिस ने बैरिकेडिंग कर उन्हें रोकने की कोशिश की। कुछ जिलों में सिटी निर्वाचित करने के लिए ज्ञापन सौंपा गया। कांग्रेस का यह प्रदर्शन सत्याग्रह यात्रा के विशेष महत्व पूरनीयता सहित चुनाव प्रक्रिया से जुड़े मुद्दों को लेकर चल रहे विरोध का हिस्सा है। यात्रियों ने प्रशासनिकारियों से लंडीसी के पुतले को जंजीर से बांधकर करीब 500 फीट तक घसीटा। देवास में भोपाल चौपड़े से कलेक्टर कार्यालय तक प्रतीकात्मक अर्थी निकाली गई और गेट पर विरोध जताया गया। बैतूल में करीब 15 फीट ऊंची क्रेन पर पुतला लटकाकर सांकेतिक विरोध किया गया।



इंदौर में प्रदर्शन के दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की की स्थिति बनी। उज्जैनपुर, सिंह, राजगढ़, दमोह और नरसिंहपुर में बैरिकेड्स के पास प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने वाटर कैनन चलाया। दमोह में पानी की बौछार के बावजूद प्रदर्शनकारियों ने पुतले जलाए। नर्मदापुरम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बैरिकेड्स हटाकर कलेक्ट्रेट में प्रवेश की कोशिश की। सहगंज में प्रदर्शनकारी दो बैरिकेड्स पार कर आगे बढ़े और कलेक्टर-एसपी को गौर पर बुलाने की मांग की।

पैसों को लेकर विवाद के बाद पत्नी पर चाकू से हमला, पत्नि गंभीर, पति फरार

डीआर संवाददाता॥ भोपाल।

कमलानगर थाना क्षेत्र के ई-6 अरेरा कॉलोनी स्थित पार्क में सोमवार शाम एक महिला पर उसके पति ने चाकू से हमला कर दिया। महिला गंभीर रूप से घायल हुई है और उसका हमीदिया अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार 30 वर्षीय रचना अहिरवार ईश्वर नगर में अपने दो बच्चों के साथ किराए के मकान में रहती है और अरेरा कॉलोनी के कुछ घरों में काम करती है। रचना का पति सुनील अहिरवार सागर जिले के बंडा का रहने वाला है और मजदूरी करता है।

बताया गया कि सुनील भोपाल आया था और उसने सागर जाने के लिए पत्नी से रुपए मांगे। रचना ने कुछ और घरों से भुगतान मिलने के बाद रुपए देने की बात कही। इससे नाराज होकर सुनील मोबाइल को उसी स्थान पर पटक गया, जहां रचना काम करने गई थी। यहां जानकारी नहीं मिलने पर वह पार्क के पास उसका इंतजार करता रहा।

काम खत्म कर रचना बाहर निकली तो सुनील उसे बातचीत के बहाने पार्क में ले गया। वहां दोनों के बीच विवाद हुआ और आरोपी ने चाकू से हमला कर दिया। आसपास के लोगों के पहुंचने पर वह मौके से भाग गया। पुलिस मामले की जांच कर आरोपी की तलाश कर रही है। न्यायालिग पर चाकू से हमला, दो आरोपियों की तलाशपोलिंगपुरा क्षेत्र में 17 वर्षीय दुलेश अहीरवार को चाकू से हमला कर दिया।

फर्जी बिजली बिल संदेशों से रहें सावधान, निजी नंबर से आने वाली कॉल पर न करें भुगतान

डीआर संवाददाता॥ भोपाल।

बिजली बिल के नाम पर साइबर ठगी के बढ़ते मामलों को देखते हुए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं को सतर्क रहने की अपील की है। कंपनी ने कहा है कि बिजली बिल का भुगतान केवल अधिकृत माध्यमों से ही करें और किसी अनजान व्यक्ति के कहने पर निजी मोबाइल नंबर पर राशि जमा न करें।

कंपनी के अधिकारियों के अनुसार, अलग बिजली कनेक्शन कराने का ऐर दिखावर उपभोक्ताओं को निजी मोबाइल नंबर से कॉल या संदेश भेजकर भुगतान करने के लिए भर्ती कहा जाता है। ऐसे फर्जी संदेशों और कॉल के जाँए सहकर जालसाज उपभोक्ताओं से ठगी का प्रयास कर सकते हैं।

कंपनी ने बताया कि उसके अधिकारिक संदेश निर्धारित सेंडर आईडी से ही भेजे जाते हैं। व्हाट्सएप के लिए कंपनी का अधिकृत नंबर 07552551222 है। किसी अन्य नंबर या सेंडर आईडी से आए बिजली बिल संबंधी संदेश पर भरोसा नहीं करने की सलाह दी गई है। बिजली बिल का नगद भुगतान केवल कंपनी के जोन कार्यालय, विद्युत केंद्र, पीओएस मशीन या अधिकृत भुगतान केंद्रों जैसे एमपीऑनलाइन और कॉमन सर्विस सेंटर पर किया जा सकता है। बिल भुगतान के लिए एनभैलक पहचान वाला वाली आईडीआरएस नंबर की आवश्यकता होती है।

वीआईपी रोड पर तेल से भरा टैंकर पलटा, सड़क पर फैला तेलय लोग भरकर ले गए

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

वीआईपी रोड स्थित गोहेफिजा चौराहे पर मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात सोयाबीन तेल से भरा टैंकर पलट गया। हादसा रात करीब 2:30 बजे हुआ। दुर्घटना में टैंकर चालक और क्लीनर को मामूली चोटें आईं।

टैंकर पलटने की सूचना मिलते ही मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कुछ लोग अपने साथ डिब्बे और अन्य बर्तन लेकर पहुंचे और टैंकर से बाहर निकले सोयाबीन तेल को भरकर ले जाते नजर आए। इससे मौके पर काफी देर तक भीड़ बनी रही।

हादसे के बाद वीआईपी रोड पर यातायात भी प्रभावित हुआ। सूचना की दूरि से मौके पर पहुंचे यातायात पुलिस कर्मियों ने यातायात को सुचारु कराया। दुर्घटनाग्रस्त टैंकर को क्रेन की मदद से सड़क से हटाया गया। इसके बाद यातायात व्यवस्था सामान्य हुई। हादसे में चालक और क्लीनर को गंभीर चोट नहीं आने की जानकारी सामने आई है। टैंकर किस कारण से अनियंत्रित होकर पलट गया।

12 की जगह 19 सितंबर को इंदौर आएंगे राहुल गांधी

भोपाल। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का इंदौर दौरा अब 12 सितंबर के बजाय 19 सितंबर को होगा। कांग्रेस ने भारी भी गुंज कार्यक्रम के लिए नेहरू स्टेडियम में आयोजन की अनुमति मांगी थी, लेकिन प्रशासन ने खेलों का हवाला देते हुए अनुमति नहीं दी। अब कांग्रेस ने कार्यक्रम के लिए दीनदयाल पार्क को प्रस्तावित किया है


मौसम मानसून की विदाई शुरू, अक्टूबर का पहला सप्ताह रहेगा मिला-जुलाय सितंबर में 157 मिमी बारिश

भोपाल में बदलेगा मौसम का मिजाज, दिन में बढ़ेगा तापमान और रातें होंगी ठंडी

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में मौसम अब बदलाव के दौर में है। कुछ इलाकों में बादल और हल्की बारिश की गतिविधियां बनी हुई हैं, लेकिन मानसून की विदाई के साथ बारिश में कमी आने लगेगी। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार 2 से 3 अक्टूबर के आसपास प्रदेश के कुछ हिस्सों से मानसून की वापसी शुरू होने की संभावना है। अक्टूबर का पहला सप्ताह मिला-जुला मौसम वाला रहेगा।

मानसून की विदाई के बाद दिन और रात के तापमान में बदलाव देखने को मिलेगा। अगले दो-तीन दिनों में भोपाल में दिन का तापमान करीब 2 से 3 डिग्री तक बढ़ सकता है, जबकि रात के तापमान में एक से दो डिग्री की गिरावट आने की संभावना है। शुक्रवार को राजधानी में अधिकतम तापमान 33.7 डिग्री और न्यूनतम 19.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



सितंबर में कम बारिश

भोपाल में इस साल सितंबर महीने में बारिश का आंकड़ा काफी कम रहा। सितंबर में सुन 157 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, जो वर्ष 2018 के बाद सितंबर की सबसे कम बारिश बताई गई है। पूरे मानसून सीजन जून से सितंबर तक राजधानी में 1147.5 मिलीमीटर बारिश दर्ज हुई। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार मानसून वापसी की रेखा पंजाब, राजस्थान और उत्तर प्रदेश से लगे क्षेत्रों में आगे बढ़ रही है। अगले कुछ दिनों में इससे लगा प्रदेश के अधिकांश हिस्सों से आगे बढ़ने की संभावना है। विदाई के बाद आसमान साफ होने से दिन में धूप तेज होगी, जबकि रात में तापमान गिरने से ठंडक बढ़ने लगेगी। अक्टूबर के आगे बढ़ने के साथ मौसम के अधिक शुष्क होने की संभावना है।

सोयाबीन भावांतर के लिए 3 अक्टूबर से पंजीयन, खाते में भेजा जाएगा 1 रुपए

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

राज्य सरकार लगातार दूसरे वर्ष सोयाबीन की खरीदी भावांतर योजना के तहत करेगी। योजना का लाभ लेने के लिए किसानों का ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन 3 से 17 अक्टूबर 2026 तक किया जाएगा। इस बार भुगतान प्रक्रिया की जांच के लिए पंजीयन के दौरान किसान के आधार लिंक बैंक खाते में 1 रुपए भेजकर खाते का सत्यापन किया जाएगा।

मध्यप्रदेश राज्य आपूर्ति निगम ई-उपार्जन पोर्टल के माध्यम से यह राशि भेजेगा। ट्रांजेक्शन सफल होने के बाद ही भुगतान के लिए संबंधित बैंक खाते का सत्यापन माना जाएगा। पिछले वर्ष 7.10 लाख किसानों ने भावांतर योजना के तहत पंजीयन कराया था। उनमें से 85 लाख टन सोयाबीन खरीदी गई और 1426 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया था। इस वर्ष 7 से 10 लाख किसानों के पंजीयन और करीब 20 लाख टन सोयाबीन खरीदी का अनुमान है।



पंजीयन सात पंचायत, जनपद पंचायत, तहसील कार्यालयों के सुविधा केंद्रों तथा सहकारी समितियों और सिंगल संस्थाओं के केंद्रों पर निशुल्क होगा। इसके अलावा एमपी ऑनलाइन, सीएससी सिंगलेक, लोक सेवा केंद्र और निजी साइबर केफे से अधिकतम 50 रुपए शुल्क देकर पंजीयन कराया जा सकेगा।

सिवनी, बटाईदार, कोदावर और वन पट्टाधारी किसानों का पंजीयन केवल सहकारी समितियों में होगा। इन किसानों के दस्तावेजों का सत्यापन जिला द्वारा 100 प्रतिशत सत्यापन किया जाएगा।

किसानों को बैंक खाते को आधार और मोबाइल नंबर से लिंक कराने, मोबाइल नंबर या बायोमेट्रिक जानकारी अपडेट कराने तथा पंजीयन के दौरान भूमि दस्तावेज, आधार कार्ड और आईएफएससी कोड सही दर्ज कराने की सलाह दी गई

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर आश्विनी कृष्ण पक्ष 05-2083 सीहोर, दिन गुरूवार, दिनांक 03 सितम्बर 2026

न्यूज गैलरी

जिला स्तरीय समन्वय समिति का गठन

सीहोर नगरपालिका-नगरपालिका परिषद सिहोर अधिनियम 1961 की धारा 57 के अंतर्गत जिला स्तरीय समन्वय समिति का गठन किया गया है। कलेक्टर एवं जिला पंचायतीराज कार्यपालन के. की अध्यक्षता में गठित समिति में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, मुख्य नगर पालिका परिषद, जिला जनसंपर्क अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी तथा जिला पोत एवं कुआ कल्याण अधिकारी को सदस्य बनाया गया है।

सोयाबीनउपार्जन, पंजीयन 3 से 17 अक्टूबर तक

सीहोर। भारत सरकार की प्राइस डेफिशिट पेमेंट स्कीम (भावांतर योजना) के अंतर्गत खरीफ वर्ष 2026 (विपणन वर्ष 2026-27) में सोयाबीन फसल के लिए प्रदेश के किसानों का ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक किया जाएगा।

जिला स्तरीय समन्वय समिति का गठन

सीहोर नगरपालिका-नगरपालिका परिषद सिहोर अधिनियम 1961 की धारा 57 के अंतर्गत जिला स्तरीय समन्वय समिति का गठन किया गया है। कलेक्टर एवं जिला पंचायतीराज कार्यपालन के. की अध्यक्षता में गठित समिति में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, मुख्य नगर पालिका परिषद, जिला जनसंपर्क अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी तथा जिला पोत एवं कुआ कल्याण अधिकारी को सदस्य बनाया गया है।

सोयाबीनउपार्जन, पंजीयन 3 से 17 अक्टूबर तक

सीहोर। भारत सरकार की प्राइस डेफिशिट पेमेंट स्कीम (भावांतर योजना) के अंतर्गत खरीफ वर्ष 2026 (विपणन वर्ष 2026-27) में सोयाबीन फसल के लिए प्रदेश के किसानों का ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक किया जाएगा।

मुख्यमंत्री स्कूटी योजना से रूपन की पढ़ाई का सफर हुआ आसान

सीहोर। भोपाल नाका निवासी मेधावी छात्रा रूपन कोरिया ने कक्षा 12वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी उपलब्धि पर मुख्यमंत्री स्कूटी योजना के तहत ई-स्कूटी खरीदने के लिए राशि प्रदान की गई। रूपन ने बताया कि उन्हें विद्यालय के लिए कॉलेज, कोचिंग और अन्य शैक्षणिक गतिविधियों के लिए नियमित आवागमन करना पड़ता है। ई-स्कूटी मिलने से आने-जाने में सुविधा होगी और समय की बचत होगी। इससे वे पढ़ाई तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर अधिक ध्यान दे सकेंगे।

दहशत टाइगर की दहशत, धबोटी-धामनखेड़ा मार्ग पर दिखा बाघ, जहांगिरपुरा में बकरी का शिकार

वन विभाग ने गांवों में कराई मुनादी, ग्रामीणों को जंगल की ओर नहीं जाने और मवेशियों को वन क्षेत्र में न भेजने की सलाह

डीआर संवाददाता-सीहोर



जिले के ग्रामीण और वन क्षेत्र से लगे इलाकों में टाइगर की मौजूदगी की सूचनाओं ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। एक दिन पहले ग्राहगढ़ क्षेत्र में हाईवे पर टाइगर दिखाई देने की सूचना के बाद अब जहांगीरपुरा में बकरी का शिकार किए जाने और धबोटी-धामनखेड़ा मार्ग पर टाइगर दिखाई देने की खबर सामने आई है। लगातार सामने आ रही घटनाओं के बाद वन विभाग ने प्रभावित गांवों में मुनादी कराकर लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

बीती रात जहांगीरपुरा क्षेत्र में एक हिंसक वन्य प्राणी ने ग्रामीण के मवेशी पर हमला कर दिया। हमले में बकरी की मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों में भय का माहौल है। वन क्षेत्र से लगे गांवों में लोगों को अकेले जंगल की ओर जाने से बचने और मवेशियों को वन क्षेत्र में नहीं भेजने की हिदायत दी गई है।

धबोटी-धामनखेड़ा मार्ग पर दिखा टाइगर

इसी बीच धबोटी से धामनखेड़ा जाने वाले मार्ग पर भी हिंसक वन्य प्राणी दिखाई देने की सूचना सामने आई है। इस संबंध में एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो को कोनफिर्म और जानकारी क्षेत्र का बताया जा रहा है। हालांकि वीडियो में दिखाई दे रहे वन्य प्राणी की पहचान और वीडियो की सत्यता पुष्टि अभी वन विभाग की ओर से नहीं की गई है।

गार्ड से रोजाना बढ़ी संख्या में ग्रामीण, शिक्षक और अन्य कर्मचारी आवागमन करते हैं। ऐसे में वन विभाग ने लोगों को सुनसान और वन क्षेत्र वाले रास्तों पर अनावश्यक रूप से रुकने से बचने तथा अकेले यात्रा करते समय विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है।

वन्य प्राणी के पास न जाएं, वीडियो बनाने से बचे

वन विभाग ने ग्रामीणों को चेतावनी दी है कि यदि कहीं टाइगर या कोई अन्य हिंसक वन्य प्राणी दिखाई दे तो उसके संबंध जानकारी फोटो या वीडियो बनाने की कोशिश न करें। लोगों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने और तत्काल वन विभाग को सूचना देने की अपील की गई है।

मुनादी कर गांवों में बजाया अलर्ट

गश्त की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग की टीम ने प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर लाउडस्पीकर के माध्यम से ग्रामीणों को सतर्क किया। मुनादी में लोगों से कहा गया कि वन क्षेत्र में हिंसक वन्य प्राणी की मौजूदगी की संभावना को देखते हुए कोई भी व्यक्ति अकेले जंगल की ओर न जाए। साथ ही पालतु मवेशियों को भी वन क्षेत्र में चरने के लिए नहीं भेजने की सलाह दी गई।

डिप्टी रेंजर विक्रम कनौटिया ने ग्रामीणों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या वन्य प्राणी दिखाई देने की स्थिति में तत्काल वन विभाग को सूचना दें। सोशल मीडिया पर वायरल हर वीडियो या दावे को सच मानकर भय का माहौल बनाने से भी बचने की अपील की गई है। वन विभाग की अनुसार क्षेत्र में निगरानी लगी जा रही है। ग्रामीणों से सावधानी बरतने और विभाग को सहयोग करने की अपील की गई है।

वोट चोरी और एसआईआर के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन



डीआर संवाददाता-सीहोर

सांसद सुधी के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और कथित 'वोट चोरी' के मुद्दे को लेकर बुधवार को सीहोर में कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कार्यकर्ता कोतवाली चौराहे पर एकत्रित हुए। इसके बाद हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर जिला निर्वाचन कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला गया।

कलेक्ट्रेट परिसर के आसपास प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया था। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्काबुक्की की स्थिति बनी। कुछ कार्यकर्ताओं ने बैरिकेड्स पार कर परिसर में जाने का प्रयास किया। इस दौरान कुछ कार्यकर्ताओं को चोटें भी आईं। कांग्रेस ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी सुधार के इस्तीफे की मांग दोहराई।

निष्पक्ष चुनाव लोकतंत्र की बुनियाद

जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि निष्पक्ष चुनाव लोकतंत्र की बुनियाद है। सांसदता सुधी के गलत तौरतरीके, हटाने और संशोधन की प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए तथा किसी वास्तविक मतदाता का नाम्बन्न कर अधिकार प्रभावित नहीं होना चाहिए।

भाजपा ने आरोपों को बताया भ्रम

भाजपा प्रवक्ता जितेंद्र सोनेर ने कांग्रेस के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि एसआईआर को लेकर भ्रम फैलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को शुद्ध, पारदर्शी और विश्वसनीय बनाए रखना निष्पक्ष चुनाव के लिए जरूरी है। प्रदीप में दुबारा यह प्रदर्शन एसआईआर और मतदाता सूची को लेकर प्रदेशभर में कांग्रेस के विरोध कार्यक्रमों का हिस्सा था।

राज्य स्तरीय दल द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण

डीआर संवाददाता-सीहोर



राज्य स्तरीय सार्वजनिक स्वास्थ्य परीक्षण के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिलकिसगंज में विशेष दल द्वारा की दिवसीय जगन एवं निरीक्षण किया गया।

गुरुवार बिलकिसगंज एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार देहरिया ने बताया कि विशेष दल द्वारा स्वास्थ्य केंद्र में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की तैयारियों, क्रियान्वयन व निगरानी व्यवस्था की जानकारी का संकलन एवं समीक्षा की गई। दल द्वारा संबंधित अधिकारियों, रिकॉर्ड व्यवस्था, निगरानी तंत्र तथा कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन से संबंधित जानकारी प्राप्त की गई। भोपाल से आए दुए दल में डॉ. कमलेश मंडोरिया, डॉ. अनिल कुमार शर्मा शामिल थे। डॉ. रश्मिता चाईले तथा बिलकिसगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी डॉ. विभाष रस्तोगिया सहित अस्पताल का स्टाफ उपस्थित था।

सीहोर के वार्ड 7 के तीन स्कूलों में 30 लाख से होंगे विकास कार्य

बाउंड्रीवॉल, पेवर ब्लॉक और शौचालय निर्माण का नपा अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने किया भूमि पूजन

डीआर संवाददाता-सीहोर



नगर पालिका द्वारा वार्ड क्रमांक 7 स्थित तीन स्कूलों में करीब 30 लाख रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्य कराए जाएंगे। इनमें बाउंड्रीवॉल, पेवर ब्लॉक और शौचालय निर्माण सहित अन्य जरूरी कार्य शामिल हैं। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने इन कार्यों का भूमिपूजन किया।

विकास कार्यों का लाभ अन्नास स्कूल सुतली रोड, प्राइमरी स्कूल सुतली और बीआरसी सुतली रोड के विद्यार्थियों व शिक्षकों को मिलेगा। कार्य पूरे होने के बाद स्कूल परिसरों में सुरक्षित सुविधाओं का विस्तार होगा और विद्यार्थियों के लिए बेहतर एवं सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो सकेगा।

भूमिपूजन कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष गरेश भैरवा ने कहा कि तीनों स्कूलों में सुविधाओं के विस्तार के लिए किए जा रहे कार्य सराहनीय हैं। बाउंड्रीवॉल, पेवर ब्लॉक और शौचालय निर्माण से स्कूल परिसर अधिक व्यवस्थित और सुविधाजनक होंगे।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि शहर के विकास के साथ शिक्षण संस्थानों में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना भी प्राथमिकता है। प्रत्येक वार्ड में जरूरत के अनुसार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद प्रतिनिधि विनोद पंवार, उपाध्यक्ष विपिन साकरी सहित पार्षद, नगर पालिका अधिकारी-कर्मचारी, स्कूल शिक्षक और जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

वेतन में देरी से परेशान नपा कर्मचारी, सीएमओ को सौंपा ज्ञापन, एक साल से भुगतान में देरी का आरोप,

डीआर संवाददाता-सीहोर



नगर पालिका के कर्मचारियों ने वेतन भुगतान में देरी को लेकर बुधवार को सीएमओ सुधीर सिंह को ज्ञापन सौंपा। निर्वाचित, दैनिक वेतनभोगी और आउटसोर्स कर्मचारियों ने कहा कि पिछले एक महीने का वेतन अब तक नहीं मिला है। कर्मचारियों के अनुसार, पिछले करीब एक साल से वेतन भुगतान तय समय पर नहीं हो रहा है।

कर्मचारियों ने बताया कि वेतन समय पर नहीं मिलने से बैंक ऋण की ईएमआई, बच्चों की फीस और घर के जरूरी खर्चों का भुगतान प्रभावित होता है। कई बार ईएमआई समय पर जमा नहीं होने पर अतिरिक्त पेनल्टी भी लगती है। उन्होंने हर महीने 1 से 5 तारीख के बीच वेतन भुगतान की व्यवस्था करने की मांग की।

कर्मचारियों ने वेतन से काटी जा रही जीपीएफ और ईपीएफ राशि को लेकर भी शिकायत दर्ज कराई। उनका आरोप है कि पिछले एक साल से राशि काटे जाने के बावजूद संबंधित खातों में समय पर जमा नहीं की जा रही है। कर्मचारियों ने काटी गई राशि खातों में जमा कराने की मांग की।

सीएमओ सुधीर सिंह ने कहा कि नगर पालिका में चुंगी कर से राशि प्राप्त होने के बाद कर्मचारियों के वेतन का भुगतान किया जाता है। उन्होंने नगर पालिका की आर्थिक स्थिति अन्य निकायों की तुलना में बेहतर होने की बात भी कही।

आटा चक्की दोपहर में बंद रखने पर बनी सहमति, बुजुर्गों की समस्याओं का पंचायत

डीआर संवाददाता-सीहोर

बुजुर्गों की समस्याओं के समाधान के लिए बुधवार को आयोजित सीनियर सिटीजन पुलिस चौपाल में चार मामलों का सौहार्दपूर्ण तरीके से निराकरण किया गया। एसपी कार्यालय में एएसपी अं. प्रकाश पांडे ने बताया कि अब तक तीन सालों में कुल आठ आवेदनों का समाधान किया जा चुका है। पंचायत में कोर कमेटी सदस्य कमल सिंह ठाकुर और विजय पाण्डव भी मौजूद रहे।

पंचायत ने शहर की एक बुजुर्ग हार्ट पेशेंट महिला ने शिकायत की कि पड़ोसी की कर्मशियल आटा चक्की से निकलर होने वाले शोर और कंपन से उनके स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। चक्की ने इसे परिवार की वर्षों पुरानी आजीविका बताया। दोनों पक्षों की सहमति से तय हुआ कि आटा चक्की दोपहर 1 से 4 बजे तक बंद रहेगी।

गोपालपुर थाना क्षेत्र की एक बुजुर्ग महिला ने पड़ोसी पर मारपीट, गाली-गलौज और धमकी देने का आरोप लगाया। दूसरे पक्ष ने इसे खेत के रास्ते का विवाद बताया। पंचायत ने गांव के चौपाल और पंची को मौके पर भेजकर रास्ते का स्थायी समाधान कराने के निर्देश दिए।

एक अन्य मामले में सिंहवाई अधिकारी की जमीन पर उनके सगे भाई द्वारा पक्का निर्माण कर कब्जा किए जाने की शिकायत सामने आई। पंचायत ने दोनों पक्षों को आपसी सहमति से विवाद सुलझाने की सलाह दी और असफलता कोर्ट-कचहरी में जाने की बात कही।

मंडी भाव कुरावर-पचोर में भी सोयाबीन की आवक जारी, गेहूं लोकवन का मॉडल भाव 2844 रुपए रहा

सीहोर मंडी में सोयाबीन की 3142 क्विंटल आवक, लहसुन 17,100 रुपए तक

डीआर संवाददाता-सीहोर



जिले की सीहोर, कुरावर और पचोर कृषि उपज मंडियों में 30 सितंबर को अनाज और तिलहन की आवक हुई। तीनों मंडियों में सोयाबीन की अच्छी आवक दर्ज की गई। सीहोर मंडी में कुल 8301 क्विंटल कृषि उपज मंडी पहुंची। इसमें सोयाबीन की 3142 क्विंटल आवक रही। सोयाबीन के भाव 4000 से 5845 रुपए प्रति क्विंटल रहे, जबकि मॉडल भाव 5700 रुपए रहा।

सीहोर मंडी में गेहूं लोकवन की 1200 क्विंटल आवक दर्ज हुई। इसके भाव 2700 से 2979 रुपए और मॉडल भाव 2844 रुपए प्रति क्विंटल रहा। गेहूं मालवराज का मॉडल भाव 2671 रुपए और गेहूं सिंत का 2581 रुपए रहा। चना लाल के भाव 6250 से 7300 रुपए रहे और मॉडल भाव 6878 रुपए दर्ज किया गया। चना सफेद का मॉडल भाव 7370 रुपए रहा।

लहसुन की 960 क्विंटल आवक हुई। इसके भाव 6200 से 17100 रुपए प्रति क्विंटल तक रहे। इससे लहसुन की ऊंची कीमत को लेकर किसानों की दिलचस्पी बनी हुई है।

कुरावर में 544 क्विंटल सोयाबीन

कुरावर मंडी में कुल 690 क्विंटल कृषि उपज की आवक हुई। इसमें सोयाबीन की 544 क्विंटल आवक रही। सोयाबीन के भाव 2000 से 5805 रुपए और मॉडल भाव 5400 रुपए रहा। गेहूं का मॉडल भाव 2675 रुपए, चना 6105 रुपए, मसूर 6106 रुपए और सूना का मॉडल भाव 6455 रुपए रहा।

पचोर में सोयाबीन की 502 क्विंटल आवक

पचोर मंडी में कुल 622 क्विंटल कृषि उपज पहुंची। इसमें सोयाबीन की 502 क्विंटल आवक रही। सोयाबीन के भाव 4250 से 5840 रुपए और मॉडल भाव 4800 रुपए रहा। गेहूं का मॉडल भाव 2580 रुपए, चना काटा 5400 रुपए और मसूर का मॉडल भाव 6600 रुपए प्रति क्विंटल दर्ज किया गया।

छह वार्डों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान

डीआर संवाददाता-सीहोर



सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर के छह वार्डों में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित किए गए। भाजपा महिला मोर्चा नगर मंडल अध्यक्ष सीमा राजोरा परिहार ने वार्ड क्रमांक 25, 28, 31, 32, 34 और 35 के आंगनबाड़ी केंद्रों पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और आशा कार्यकर्ताओं का सम्मान किया।

कार्यक्रम में बच्चों और माताओं के पोषण, स्वास्थ्य, टीकाकरण, मातृ सहायता एवं महिला कल्याण से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी गई। लाभार्थी माताओं ने योजनाओं से मिले लाभ और अपने अनुभव भी साझा किए।

भीम परिहार ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं और बच्चों को योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभ लेने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

वार्ड 28 में कार्यकर्ता गीता शर्मा, मुस्कान रैकवार, सहायिका वंदना दुबे और सुपरवाइजर कविता ओझा मौजूद रहीं। वार्ड 25 में कार्यकर्ता राजनी विश्वकर्मा, सहायिका रामकली और कार्यकर्ता सरोज गौरा सहित अन्य उपस्थित रहे।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर आश्विनी कृष्ण पक्ष 05-2083 सीहोर, दिन गुरूवार, दिनांक 05 अक्टूबर 2026

न्यूज गैलरी

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का किया आयोजन

सीहोर। सेवा संकल्प अभियान के तहत कलेक्टर बालमुरुगन डी. के निर्देशानुसार जिलेभर में ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत सफाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किए गए। सभी जनपदों के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य अमले द्वारा सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान सफाई मित्रों की थायराइड, शुगर, हाई बीपी सहित सामान्य बीमारियों की जांच की गई तथा आवश्यकतानुसार उन्हें निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं। शिविर के दौरान कई सफाई मित्रों को अपने ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर के स्तर की जानकारी पहली बार मिली। स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही चिकित्सकों ने उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने तथा नियमित जांच कराने की सलाह दी। चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य अमले द्वारा सफाई मित्रों को पौष्टिक आहार, नियमित दिनचर्या और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों के बारे में भी जानकारी दी गई।

तीन उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतरे

सीहोर। मैकेडा जनपद पंचायत के वार्ड-16 के सदस्य पद के लिए हुए आज मतदान में 12 मतदान केंद्रों पर कुल 3973 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। जिसमें 2288 पुरुष मतदाता है तथा 1687 महिला मतदाता शामिल हैं। मतदान समाप्ति के उपरान्त 65.41 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। इन सभी 12 मतदान केंद्र में मतदाताओं की संख्या 6074 है जिसमें से 3973 ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। रिटर्निंग अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार मतदान केंद्र नंदगांव-151 में 307, मतदान केंद्र नंदगांव-152 में 431, मतदान केन्द्र सोरवा-153 में 414, मतदान केन्द्र सोरवा-154 में 348, मतदान केन्द्र सोरवा-155 में 343, मतदान केन्द्र बोरखाडी-156 में 239, मतदान केन्द्र बोरखाडी-157 में 451, मतदान केन्द्र आगरा-158 में 383, मतदान केन्द्र आगरा-159 में 145, मतदान केन्द्र आगरा-160 में 394, मतदान केंद्र सालगवा-252 में 324 तथा मतदान केन्द्र सालगवा-253 में 283 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। उल्लेखनीय है कि जनपद पंचायत के वार्ड-16 से जनपद सदस्य के लिए 3 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा। अंजली यादव 5 सुनिता यादव, मनीषा तथा सागर बाई ने चुनाव मैदान में थे।

विश्व हृदय दिवस पर जागरूकता अभियान आयोजित

सीहोर। विश्व हृदय दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय के एनएचपीपू एवं जिला शीत हस्तशोध केंद्र में जिला स्तरीय जागरूकता दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों में हृदय रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने, समय पर पहचान एवं उपचार के लिए विशेष गतिविधियां आयोजित की गईं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार सेठरिया के निर्देशन में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत विकासखंड स्तरीय मोबाइल हेल्थ टीम द्वारा 8 विद्यालयों एवं 12 आंगनवाड़ी केंद्रों में विशेष जागरूकता अभियान एवं स्क्रीनिंग कैंप आयोजित किए गए। अभियान के दौरान कुल 932 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

चेतावनी सलकनपुर में नवरात्रि की तैयारियों को लेकर प्रशासन अलर्ट, सुरक्षा और यातायात

कलेक्टर-एसपी ने ट्रस्ट पदाधिकारियों के साथ की बैठक, श्रद्धालुओं की सुविधा के

डीआर संवाददाता>सीहोर





शारदीय नवरात्रि के दौरान विजयासन देवी धाम सलकनपुर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। बुधवार को कलेक्टर बालमुरुगन डी. और पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना ने विजयासन देवी धाम सलकनपुर ट्रस्ट के अध्यक्ष महेश उपाध्याय सहित ट्रस्ट पदाधिकारियों और संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में नवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और यातायात व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

कलेक्टर ने अधिकारियों और ट्रस्ट पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि नवरात्रि शुरू होने से पहले सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि सभी संस्था में श्रद्धालु देवी दर्शन के लिए पहुंचेंगे, इसलिए दर्शन और पूजा-अर्चना के दौरान किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। मंदिर परिसर में पेयजल, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग, शौचालय और स्वास्थ्य सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने को कहा गया।

सुरक्षा और यातायात पर विशेष फोकस

उन्होंने मंदिर परिसर और प्रमुख मार्गों पर स्वच्छता व्यवस्था बेहतर रखने तथा पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मचारियों की तैनाती के निर्देश दिए। भीड़ को व्यवस्थित रखने के लिए प्रवेश और निकासी व्यवस्था को भी सुचारू बनाने पर जोर दिया गया। अधिकारियों को ट्रस्ट के साथ समन्वय कर सभी व्यवस्थाओं को समय पर अंतिम रूप देने के निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना ने यातायत के दौरान सुरक्षा और संचालन व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए मंदिर परिसर, पार्किंग स्थलों और प्रमुख मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए। यातायात को सुचारु रखने के लिए आवश्यक स्थानों पर डीवर्जन और यातायत नियंत्रण की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए।

आंवलीघाट में भी सुरक्षा इंतजामों का जायजा

नवरात्रि की तैयारियों के साथ कलेक्टर और एसपी ने अमावस्या पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने वाले नर्मदा आंवलीघाट का भी निरीक्षण किया। उन्होंने घाट पर श्रद्धालुओं के स्नान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। श्रद्धालुओं को अधिक गहराई में जाने से रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए।

स्वामित्व योजना में रजिस्ट्री का काम अटका, पटवारियों के बहिष्कार से प्रक्रिया प्रभावित



डीआर संवाददाता>सीहोर

ग्रामीणों को संपत्तियों का मालिकाना हक देने के लिए शुरू की गई स्वामित्व योजना के तहत भूमि रजिस्ट्री की प्रक्रिया सीहोर जिले में ठिकाइल प्रभावित है। योजना शुरू होने के करीब 13 दिन बाद भी जिले में एक भी भूमि रजिस्ट्री नहीं होने की बात सामने आई है। पटवारियों के बहिष्कार के चलते फील्डमैन प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही है।

पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष रविंद्र राठौर के अनुसार, पटवारियों को फील्डमैन विभाग में नियमावक बनाए जाने के विरोध में जिले के पटवारी योजना के कार्य का बहिष्कार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सीहोर जिले के 428 पटवारियों को करीब 20 हजार रजिस्ट्री का लक्ष्य दिया गया है। संघ का कहना है कि मांगों का समाधान होने तक बहिष्कार जारी रहेगा।

जमीन विवाद में जिम्मेदारी की आशंका

पटवारियों की मुख्य आपत्ति फील्डमैन विभाग में उनके नाम और हस्ताक्षर निर्धारक के रूप में दर्ज किए जाने को लेकर है। उनका कहना है कि भविष्य में संपत्ति की सीमा, क्षेत्रफल या नामांतरण को लेकर विवाद उत्पन्न होने पर उन्हें व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार ठहराए जाने की आशंका है। इसी वजह से वे योजना पटवारी योजना के कार्य से दूरी बनाए हुए हैं।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के सफल क्रियान्वयन हेतु कार्यशाला

डीआर संवाददाता>सीहोर



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेहली में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के सफल क्रियान्वयन हेतु रेहली सेक्टर के अन्तर्गत समस्त शिक्षकों की कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में बच्चों को कृमि नाशक दवा का सेवन कराने, कार्यक्रम के प्रभावी संचालन एवं आवश्यक सावधानियों के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। कार्यशाला में बी. अधिकारी दानव प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेहली एवं बी. टी. आर कॉल, बीईई डाल बैजनाथ वरे लेकर शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

महिला बाल विकास द्वारा सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित

डीआर संवाददाता>सीहोर



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस से प्रारंभ हुए सेवा संकल्प अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सीहोर में आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभागीय गतिविधियों एवं महिला एवं बाल विकास से जुड़ी योजनाओं के प्रति जागरूकता के साथ सामाजिकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मातृशक्ति का प्रतीक आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रमला सुरेन्द्र सेवड़ा एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्री दिल सदीर शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित गतिविधियों की जानकारी दी तथा महिला सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उल्लेखनीय है कि सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 25 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2026 तक आंगन मिलन अभियान का सीहोर जिले में भी आयोजन किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य आंगनवाड़ी केन्द्रों को समुदाय के साथ अधिक प्रभावी रूप से जोड़ना, हितग्राहियों को सेवाओं की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा विभागीय कार्यक्रमों की शुरुआत में निरंतर सुधार लाना है।

समाज के विभिन्न वर्गों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने की आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी केन्द्रों के माध्यम से महिलाओं एवं बच्चों तक शासन की योजनाओं और सेवाओं को पहुंचाने में कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित गतिविधियों की जानकारी देते हुए महिला सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

आज लगेगा छप्पन भोग, गोवर्धन पूजन का बताया जाएगा महत्व

डीआर संवाददाता>सीहोर



शहर के बस स्टैंड के समीप स्थित गीता मानस भवन में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन भागवत भूषण पंडित आरवित व्यास ने गजेंद्र मोक्ष, समुद्र मंथन और वामन अवतार के प्रसंग सुनाए। उन्होंने कहा कि भगवान को छल-कपट पसंद नहीं है। निर्मल मन और सच्चे भाव से की गई पुकार भगवान तक पहुंचती है। भगवद्प्राप्ति के लिए जीव की योनि महत्वपूर्ण नहीं, बल्कि सच्ची भक्ति और समर्पण आवश्यक है।

गजेंद्र मोक्ष का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने बताया कि संकट में फंसे गजेंद्र ने जब सर्वप्रथम को भगवान के सहारे में समर्पित किया तो भगवान ने उसकी रक्षा की। उन्होंने कहा कि मन ही बंधन और मुक्ति का कारण है। संसार और माया में आसक्ति बंधन देती है, जबकि परमात्मा की ओर अर्पित मन मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करता है।

कथा के दौरान समुद्र मंथन और भगवान वामन के प्रसंगों के माध्यम से दान, दमन और समर्पण का महत्व बताया गया। देवर्षि-वंशित संवाद में आत्मा और परमात्मा के संबंध तथा मन और इंद्रियों पर नियंत्रण की आवश्यकता समझाई गई।

सुथवार को भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण जन्मोत्सव भी मनाया गया। झांकी के दर्शन के साथ श्रद्धालु भजन-कीर्तन में झूमते नजर आए।

आज छप्पन भोग और गोवर्धन पूजन

कथा के पांचवें दिन भगवान को छप्पन भोग लगाया जाएगा और गोवर्धन पूजन का महत्व बताया जाएगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक आयोजित हो रही है।

एचआईवीएड्स रोकथाम एवं उपचार सेवाओं को प्रभावी बनाने बैठक

डीआर संवाददाता>सीहोर



जिले में एचआईवीएड्स की रोकथाम, जांच एवं उपचार सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिला चिकित्सालय सीहोर में एआरएस मिशन एवं एचआईवी व्यवहार सुरक्षा के संबंध में बैठक आयोजित की गई।

सीएमएचओ डॉ. सुधीर कुमार सेठरिया ने बताया कि बैठक में एचआईवी व्यवहार की रोकथाम, संभव पर एचआईवी जांच, संक्रमित व्यक्तियों को उपचार सेवाओं से जोड़ने तथा उपचार की निरंतरता सुनिश्चित करने की दिशा में की गई चर्चा को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान समस्त आईसीटीसी एवं एआरटी केन्द्रों के प्रभारी अधिकारी, स्टाफ नर्स, काउंसलर एवं फील्ड कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक में एचआईवी/एड्स की वर्तमान स्थिति, जिले में संचालित आईसीटीसी एवं एआरटी केन्द्रों की कार्यप्रणाली, उपचार छोड़ चुके मरीजों की ट्रेसिंग, गर्भवती महिलाओं की जांच तथा बच्चों में एचआईवी संक्रमण की रोकथाम जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में आ रही चुनौतियों एवं उनके समाधान के संबंध में भी अपने सुझाव साझा किए।

एपी संचालक डॉ. नेहा डीएमओ एवं राज्य एड्स नियंत्रण समिति भोपाल की श्रीमती स्वाती गुप्ता ने एनएसीपी एवं एआरटी सेंटर को 95-95-95 लक्ष्य एवं एचआईवी भाद्रक सुरक्षा से संबंधित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। बैठक में उपस्थित समूही तक आवश्यक सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने, समय पर एचआईवी जांच कराने तथा एचआईवी पॉजिटिव पाए गए व्यक्तियों को उपचार सेवाओं से जोड़कर उपचार की निरंतरता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

प्रतियोगिता चरनल के गायत्री विद्या मंदिर में जीके प्रतियोगिता, 8 टीमों ने लिया हिस्सा

पांच राउंड में हुई प्रतियोगिता, विद्यार्थियों ने सामान्य ज्ञान और त्वरित निर्णय क्षमता का किया प्रदर्शन

डीआर संवाददाता- चरनल





गायत्री विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल चरनल में विद्यार्थियों के सामान्य ज्ञान और बौद्धिक क्षमता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जीके प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विद्यालय की आठ टीमों ने हिस्सा लिया। पांच राउंड में हुई प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों से सामान्य ज्ञान से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे गए। प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ सवालों के जवाब दिए और अपनी जानकारी तथा त्वरित निर्णय क्षमता का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम की पढ़ाई के साथ सामान्य ज्ञान के विभिन्न विषयों से जोड़ना और उनमें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना रहा। टीम आधारित आयोजन होने से विद्यार्थियों को आपसी सहयोग और विचार-विमर्श के साथ प्रश्नों के उत्तर देने का अवसर भी मिला। प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल रहा।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षक भुवन गौर ने किया।

उन्होंने पांचों राउंड को व्यवस्थित तरीके से संचालित कराया। संस्था के संचालक राजेंद्र गौर ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम में संस्था के संचालक जगन्नाथ गौर, सांसद प्रतिनिधि नाथा राम गौर, पूर्व सेवानिवृत्त बीजाका चंद्र गौर, मंडल अध्यक्ष प्रीतम गौर, सकुल प्रभारी सुकेश शाक्य, मंडल महामंत्री सुरेंद्र राजपूत, शिक्षक रमन प्रकाश तिवारी, जनशिक्षा सहेता गौर, आचार्य अजय तिवारी, उप आचार्य नारायण विश्वकर्मा सहित विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।आयोजकों ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ सामान्य ज्ञान बढ़ाने और टीम भावना के साथ कार्य करने का अवसर मिलता है।इस दौरान सांसद प्रतिनिधि व मंडल अध्यक्ष ने संबोधित किया

अंडर-15 जिला क्रिकेट टीम के लिए 2 अक्टूबर को पंजीयन, 3 को ट्रायल

डीआर संवाददाता>सीहोर



जिला अंडर-15 क्रिकेट टीम के चयन के लिए खिलाड़ियों का पंजीयन 2 अक्टूबर को किया जाएगा, जबकि चयन ट्रायल 3 अक्टूबर को आयोजित होगा। जिलेभर संघ के अनुसार पंजीयन वीएसएवाई मैदान पर सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। इसके बाद 3 अक्टूबर को खिलाड़ियों का ट्रायल लिया जाएगा।

चयन प्रक्रिया में जिले के सभी विकासखंडों के पात्र खिलाड़ी शामिल हो सकेंगे। ट्रायल के बाद चयनित खिलाड़ियों के लिए 3 से 5 अक्टूबर तक अभ्यास और प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे। चयनित टीम जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। खिलाड़ियों से निर्धारित समय पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित रहने और ट्रायल में उपस्थित होने की अपील की गई है।

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ आश्विनी कृष्ण पक्ष-05 -2083 विदिशा,गुरूवार,दिनांक,01 अक्टूबर,2026

न्यूज गैलरी

आज निकलेगा विशाल विमान महोत्सव समारोह

विदिशा। श्री शीतलनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर ट्रस्ट द्वारा आज विमान महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। प्रवक्ता डॉ. गजकुमार जैन ने बताया कि सुबह 11:30 बजे मुनि 108 निर्भय सागर महाराज संघ के सानिध्य में मंदिर से भव्य समारोह निकलेगा। बजरिया, तिलक चौक, किले पोखरा और गायगंज होते हुए बागल मंदिर पहुंचेगा। शाम कलशाभिषेक और शुचि छाप के प्रावधान होंगे।

अस्पताल में बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य शिविर आज

विदिशा। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर गुरुवार को जिला चिकित्सालय परिसर में स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर लगाया जाएगा। सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित शिविर में गंभीर निशुल्क रहेगा। हृदय रोग, मेडिसिन, नेत्र, हड्डी रोग, फिजियोथेरेपी और न्यूरोलॉजी विशेषज्ञ बुजुर्गों की जांच कर परामर्श देंगे। शुगर, बीपी, मायलाइट, टीएचएमसीव समिति सिंहर सिकलसी संबंधी आवश्यक जांचें निशुल्क होंगी। पंजीयन के बाद दवाइयां भी मुफ्त दी जाएंगी। शिविर में आयुष्मान कार्ड से संबंधित बुजुर्गों के कार्ड बनाने के लिए विशेष काउंटर भी रहेगा।

विदिशा में कांग्रेस का प्रदर्शनए बैरिकेड्स तोड़कर कलेक्ट्रेट की ओर बढ़े

वोटचोरी, के आरोपों को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन, पुलिस ने वाटर कैनन से रोका

डीआर संवाददाता ■ विदिशा



विदिशा में कुशवाह दीपक्कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गौमतल चौराहे पर प्रदर्शन किया। भीड़ बढ़ता गती छोड़ण अभियान के तहत जिलेभर से पहुंचे कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट की ओर बढ़ने का प्रयास किया। जिन्हें रोकने के लिए पुलिस ने बैरिकेडस लगाए और वाटर कैनन का इस्तेमाल किया।

तीन बैरिकेड्स तोड़कर आगे बढ़े कार्यकर्ता

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता पुलिस द्वारा लगाए गए तीन बैरिकेड्स पार कर आगे बढ़ गए। नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के प्रतीकात्मक पुतले को लेकर विरोध जताया। कार्यकर्ताओं के हाथों में बाउंस के डार्ट और विभिन्न मांगों से संबंधित तख्तियां थीं। इससे भी भाव के बीच कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी भी प्रदर्शनकारियों के साथ मौजूद रहे। पुलिस द्वारा वाटर कैनन चलाए जाने के बावजूद कार्यकर्ताओं ने बैरिकेड्स को पार कर संसद भवन की ओर कूच किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की। पुलिस ने कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया।

मतदाता सूची और एसआईआर को लेकर कांग्रेस की मांग

कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कि पारी पुरुष पारदर्शी तरीके से मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की मांग कर रही है। उन्होंने दावा किया कि जिन नागरिकों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं, उनमें भाजपा और निर्वाचन आयोग के मुखर समर्थक शामिल हैं। उन्होंने सवाल किया कि आखिर ऐसे लोगों के नाम किस आधार पर हटाए गए।

चुनाव प्रक्रिया में गड़बड़ी के आरोप

पूर्व विधायक निशांक जैन ने आरोप लगाया कि भाजपा ने वोट चोरी के जरिए सरकार बनाई और निर्वाचन आयोग ने इसमें सहयोग किया। उन्होंने सवाल की निष्पक्ष जांच की मांग की। पूर्व सांसद प्रभात्मात्मु शर्मा ने कहा कि राष्ट्रपति गांधी ने केंद्र सरकार के खिलाफ गुरु उठाए हैं और निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग कर रही है। उन्होंने दावा किया कि जिन नागरिकों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं उनमें भाजपा और एसआईआर प्रक्रिया बंद की जानी चाहिए। कांग्रेस नेताओं ने गणना रुपी से जुड़े गुटों की जांच की भी मांग उठाई।

नेताओं ने लगाए

सरकारी अस्पताल के पास पांच संदिग्ध क्लीनिक, डिग्री-लाइसेंस पर सवाल



डीआर संवाददाता ■ विदिशा।

गंगलाकेड़ा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास संचालित तीर पर पांच क्लीनिक संचालित हो रहे हैं। आरोप है कि इन क्लीनिकों में बिना किए अनुभवी मरीजों को भर्ती कर एलोपैथिक पद्धति से इलाज किया जा रहा है। सरकारी अस्पताल से करीब 100 मीटर की दूरी पर टीनशेड की इन क्लीनिकों में चल रहे इन क्लीनिकों में चार-चार बेड लगाए गए हैं।

पड़ताल के दौरान ओम क्लीनिक में डॉ. मनोज बिसवास से गेट दर्द की शिकायत बताकर दवा मांगी गई। रिपोर्ट के अनुसार डॉक्टर ने तीन दवाइयां लिखीं। एक दवा कम करने की बात कहने पर उसे हटा दिया गया और 30 रुपए में दवा दी गई। इसके बाद क्लीनिक के बोर्ड पर भर्ती एक मरीज को इंजेक्शन लगाया गया। क्लीनिक के बाहर आयुर्वेदिक लिखी का बोर्ड लगा था, जबकि अंदर एलोपैथिक उपचार दिए जाने की बात सामने आई।

इसी क्रम में निखिल विश्वास, भगवान सिंह किरार, डॉ. गोविंद साहू और गोविंद महाराज के गांव से भी क्लीनिक संचालित होने की जानकारी सामने आई है। इन पर मान्य डिग्री और लाइसेंस के बिना इलाज करने के आरोप लगाए गए हैं। हालांकि संबंधित पक्षों के दस्तावेजों की आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

रात में अस्पताल बंद रहने का आरोप

स्थानीय लोग एक बड़ी कमी बता रहे कि दिन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर और स्टाफ उपलब्ध रहते हैं, लेकिन रात में अस्पताल बंद होने के कारण ग्रामीण किसी आपात्कालीन स्थिति में क्या करते हैं।

वैद्यराज डॉ. विजय कुमार सिंह ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। बिना अनुमति अस्पताल परिसर के बाहर क्लीनिक चलाने वालों के खिलाफ जांच कर संबंधित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से सरकारी अस्पताल की 24 घंटे उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने की अपील की।

लेखक संघ की नई कार्यकारिणी गठित

विदिशा। मध्य लेखक संघ इकाई विदिशा की बैठक किसी मोहल्ला लिया मोहिनि पेनालिक के निवास पर हुई। सर्वसम्मति से निर्वाचन अधिकारी के विजय चतुर्वेदी को जिला संयोजक तथा परमानंद निगम को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। नंद कुमार तिवारी एवं विनय कुमार तिवारी को उपाध्यक्ष और ए. सुशील शर्मा सचिव को सचिव बनाया गया। बैठक में अधिक से अधिक नवीन आजीवन एवं वार्षिक सदस्य बनाने का निर्णय लिया गया। परिषद करि एवं गीतकार स. जगदीश श्रीवास्तव की स्मृति में 7 अक्टूबर को सायं रोज न्यास परिसर में क्षमा संध्या आयोजित होगी।

गुलाबगंज में सर्वसुविधा के लिए विधायक को

गुलाबगंज। अतिचार समाज विकास संगठन समिति गुलाबगंज एवं रविदास समाज के पदाधिकारियों ने समाज के पदाधिकारियों ने समाज के लिए सर्वसुविधायुक्त धर्मशाला निर्माण की मांग को लेकर विदिशा विधायक मुकेश टंडन को मांग पत्र सौंपा। समाजजनों ने बताया कि सामाजिक, पारिवारिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए समाज के पास कोई स्थायी भवन नहीं है। इसके कारण विवाह समारोह, बैठकों और अन्य आयोजनों में परेशानी होती है।

समाजजनों ने गुलाबगंज क्षेत्र में धर्मशाला निर्माण के लिए आवश्यक स्वीकृति एवं सहयोग उपलब्ध कराने की मांग की।

उनका कहना है कि धर्मशाला बनने से गरीब और जरूरतमंद परिवार भी अपने कार्यक्रम सम्मानपूर्वक आयोजित कर सकेंगे। विधायक मुकेश टंडन ने मांग पर आवश्यक कार्रवाई और सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान रविदास समाज ब्लॉक अध्यक्ष मंहगीलाल रतौसिया, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जम्मूलाल अहिरवार, विजेता सिंह, भारत सिंह, कालूराम अहिरवार, हरिसिंह सहित समाजजन मौजूद रहे।

अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटने से मजदूर की मौत,

डीआर संवाददाता ■ सिरोंज।



सिरोंज लाइन थाना क्षेत्र की सिरोंजा कॉलोनी में गजदूरी के दौरान ट्रैक्टर पलटने से 35 वर्षीय सोनू पुत्रपाल की मौत हो गई। हादसे में ट्रैक्टर के नीचे दबने से सोनू गंभीर रूप से घायल हो गया था। आसपास मौजूद लोगों ने उसे बाहर निकाला और उपचार केसिरोंज अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार सोनू सिरोंजा कॉलोनी में गजदूरी कर रहा था। इसी दौरान ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया और सोनू उसकी पथेट में आकर नीचे दब गया। सूचना मिलने पर आसपास के लोगों ने उसे बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टर उसे बचा नहीं सके।

पोस्टमार्टम के बाद उर परिजनों को सौंप दिया गया। सिरोंज लाइन थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

परिजनों के अनुसार सोनू तीन भाइयों में से एक था। तीनों भाई आस-पास रहकर मजदूरी करते थे। सोनू अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके परिवार में दो छोटी बेटियां हैं। हादसे के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा और बेटियों से पिता को खो दिया।

अंग प्रत्यारोपण में गड़बड़ी के आरोप पर मानवाधिकार आयोग का नोटिस

डीआर संवाददाता ■ विदिशा।



मध्यप्रदेश में अंगदान और अंग प्रत्यारोपण की प्रक्रिया में कथित गड़बड़ी के आरोपों पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने सिकायत का संज्ञान लिया है। आयोग के सदस्य विवेक कानूनगो की पीठ ने राज्य के स्वास्थ्य विभाग को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं।

शिकायत विदिशा निवासी विनोद के. शाह ने की है। इसमें आरोप लगाया गया है कि अस्पतालों में अंग प्रत्यारोपण के लिए निर्धारित प्रक्रिया सूची का सही तरीके से पालन नहीं किया जाता। शिकायतकर्ता का आरोप है कि पात्र मरीजों की जगह पसंदीदा लोगों को प्राथमिकता दिए जाने की आशंका है। इसके अलावा अंगदान के बाद दान किए गए अंगों के सुरक्षित और समय पर परिवहन की व्यवस्था में कमी का भी आरोप लगाया गया है।

शिकायत में कहा गया है कि परिवहन और अन्य व्यवस्थाओं में देरी के कारण कुछ अंग समय पर प्रत्यारोपण के लिए इस्तांभाल नहीं हो पाते और खराब हो जाते हैं। विनोद शाह ने अंगदान एवं प्रत्यारोपण की पूरी प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाने की मांग की है।

इसके साथ ही अंगदान के क्षेत्र में जागरूकता की कमी का मुद्दा भी उठाया गया है। शिकायत में कहा गया है कि जहां जिलेवार उपलब्धता नहीं है, वहां प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ को गैरदान की प्रक्रिया में शामिल करने की व्यवस्था की जाए।

अब स्वास्थ्य विभाग को आयोग के नोटिस का जवाब देते हुए मामले में की गई कार्रवाई और उठाए गए कदमों की जानकारी चार सप्ताह के भीतर देनी होगी।

सर्वसुविधायुक्त धर्मशाला के लिए विधायक को सौंपा मांग

डीआर संवाददाता ■ गुलाबगंज।

कलेक्ट्रेट की हर शाखा में लगेंगे सूचना पटल, कलेक्टर ने दिए निर्देश

डीआर संवाददाता ■ विदिशा।



कलेक्टर आदुल गुप्ता ने बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय सहित विभिन्न शाखाओं का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति, कार्यप्रणाली तथा अभिलेखों के रख-रखाव की जानकारी लेते हुए आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जिला कोषालय, लोक सेवा केंद्र, निर्वाचन शाखा, जिला सहरी विकास अभिकरण, महिला एवं बाल विकास विभाग, खाद्य विभाग, लायसेंस शाखा और भू-अभिलेख कार्यालय सहित अन्य शाखाओं का निरीक्षण किया। व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए उन्होंने कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

मिलेगी जरूरी जानकारी

कलेक्टर ने सभी शाखाओं में अभिलेखों को ले सूचना पटल लगाने को कहा। इन पर आम नागरिकों के लिए योजनाओं, प्रक्रियाओं और आवश्यक जानकारी प्रदर्शित की जाएगी।

एसएटीआई में रक्तदान शिविर, 84 यूनिट रक्त संग्रहित

डीआर संवाददाता ■ विदिशा।



सेवा सकलन अभियान के तहत जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के मार्गदर्शन में बुधवार को एसएटीआई डिग्री कॉलेज एवं पॉलिटेक्निक कॉलेज में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों, एनएसएस स्वयंसेवकों और युवाओं ने उत्साह के साथ रक्तदान किया। शिविर में कुल 84 यूनिट रक्त संग्रहीत हुआ।

संयोजित रक्त में 36 यूनिट जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक और 48 यूनिट मेडिकल कॉलेज ब्लड बैंक में सुरक्षित रखा गया। मेडिकल कॉलेज ब्लड बैंक के डॉ. राजनिकांत ने बताया कि रक्त का उपयोग आपातकालीन मरीजों, थैलेसीमिया पीड़ितों, गर्भवती महिलाओं और अन्य जरूरतमंद मरीजों के उपचार में किया जाएगा।

ब्लड बैंक अधिकारी डॉ. राजेंद्र कुमार कुशवाह ने रक्तदाताओं और आयोजन से जुड़े दलों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि रक्तदान जरूरतमंद मरीज का जीवन बचाने में मदद करता है। युवाओं की सक्रिय भागीदारी समाज के लिए प्रेरणादायक है। इस दौरान एनएसएस जिला संयोजक डॉ. प्रवीण कुमार जैन सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

वृद्धजन दिवस

संयम-गौरवपूर्ण वृद्धावस्था एवं सम्मानित जीवन' अभियान के तहत जिले में बुजुर्गों के सम्मान और पारिवारिक मूल्यों को लेकर जागरूकता अभियान चलाया

रुरुरु ब्रह्माकुमारीज ने बुजुर्गों के सम्मान और पारिवारिक मूल्यों का दिया संदेश, एक लाख लोगों तक पहुंचने का संकल्प

डीआर संवाददाता ■ विदिशा।



अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के ए-33 सुखशैलनगर सेवा केंद्र ने 'संयम-गौरवपूर्ण वृद्धावस्था एवं सम्मानित जीवन' अभियान के तहत जिले में बुजुर्गों के सम्मान और पारिवारिक मूल्यों को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने कहा कि वृद्धावस्था जीवन का अंत नहीं, बल्कि अनुभव, परिपक्वता और आध्यात्मिक शांति के साथ आगे बढ़ने की अवस्था है। उन्होंने आध्यात्मिक जागृति और पारिवारिक संस्कारों को इसका समाधान बताया।

बुजुर्गों ने साझा किए अनुभव

अभियान के दौरान आठ बुजुर्गों ने अपने अनुभव साझा किए। सीनियर सिटिजन सम्मानकर्ता साहू ने बताया कि राजयोग सीखने के बाद उन्होंने खाली समय को सेवा का माध्यम बनाया और बच्चों को निशुल्क पढ़ाना शुरू किया। सावित्री देवी ने सेवा से जीवन में खुशी लौटने की बात कही। हरिराम चुकलाड़ ने मान से रिश्तों में सुधार, जबकि गेंदा बाई ने सेवा से आत्मविश्वास लौटने का अनुभव साझा किया। रतिराम ने जेल में पुराधों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने की जानकारी दी। अन्य बुजुर्गों ने ध्यान, सकारात्मक सोच और परिवार में संवाद से जीवन में आए बदलाव बताए।

50 कार्यक्रमों के जरिए 30 हजार लोगों तक पहुंच

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय और ब्रह्माकुमारीज के सहयोग सेवा संगठन के बीच 3 मई 2025 को हुए समझौते के बाद यह राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया गया। विदिशा कलेक्टर आदुल गुप्ता ने भी अभियान के तहत कार्यक्रमों के आयोजन में सहयोग किया। विदिशा, गंजबासौदा, गुलाबगंज, लटेरी, सलामाबाद, जिला जेल और पेन खतूरी सहित नगर, कॉलोनी, पृष्ठभाग व सामाजिक स्थलों पर करीब 50 कार्यक्रम आयोजित किए गए।

अंडर-14 फुटबॉल में भोपाल संभाग का दोहरा खिताब

डीआर संवाददाता ■ विदिशा।



छतरपुर में 26 से 30 सितंबर तक आयोजित राज्य स्तरीय अंडर-14 फुटबॉल प्रतियोगिता में भोपाल संभाग ने बालक और बालिका दोनों वर्गों में खिताब जीतकर ओलंपियन रहेट मोहियल बनने की उपलब्धि हासिल की। दोनों वर्गों के फाइनल में भोपाल ने इंदौर संभाग को हराया।

बालक वर्ग के सेमीफाइनल में भोपाल ने नर्मदापुरम को 3-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। निर्णायक मुकाबले में जयान ने दो और पार्थ धुरी ने एक गोल कर भोपाल को इंदौर के खिलाफ 3-0 से जीत दिलाई। प्रतियोगिता में भोपाल के बालकों ने कुल 28 गोल किए और पूरे टूर्नामेंट में एक भी गोल नहीं खाया।

बालिका वर्ग के सेमीफाइनल में भोपाल ने नर्मदापुरम को सागर को 2-0 से हराया। फाइनल में अतीशया और शानवी चौधरी के एक-एक गोल की मदद से भोपाल ने इंदौर को 2-1 से हराकर खिताब जीता। विजेता के तीन खिलाड़ियों का योगदानभोपाल संभाग की टीम में विजेता के तीन खिलाड़ियों ने भी प्रतियोगिता किया। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की अनन्या श्रीवास्तव, संत सुधा सागर इंटरनेशनल स्कूल की पलक साहू और छात्र अर्ध फोटल टीम का हिस्सा रहे। तीनों खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में विजेता संयोजक डॉ. प्रवीण कुमार जैन सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

डिजीटल अखबार

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहेड़ा, तलेन | आश्विनी कृष्ण पक्ष-05 -2083 | राजगढ,दिन गुरूवार,दिनांक 01अक्टूबर,2026

न्यूज गैलरी

मैकालीनगढ़एनस एद८नु

का छात्रावास के तत्कालीन अधीक्षक के मार्गदर्शन, अनुशासित वातावरण और शिक्षकों के सहयोग ने उनकी पढ़ाई एवं व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। तोकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ईश्वर वर्मा की भी निरंतर मेहनत के परिणामस्वरूप वर्ष 2022 में उनका मध्यप्रदेश पुलिस (डीई्एस) में चयन हुआ। वर्तमान में वे भोपाल में पदस्थ ८। किया जा सकता है। सफलता विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्पद है और यह संदेश देती है कि मेहनत, अनुशासन मा और सही मार्गदर्शन से सपनों को साकार

अध्यक्ष के लिए राधेश्याम माहेश्वरी के बीच मुकाबला

विदिशा। अनाज निरीक्षण सहायक उत्पादन संघ के चुनाव में नाम वापसी के बाद अध्यक्षीय की अंतिम सूची जारी हो गई है। उपाध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करने वाले कुलदीप गुप्ता और अजय पैन बामा. महामंत्री पद के लिए मयंक अग्रवाल तथा महासंघ प्रतिनिधि पद के लिए सुमित जैन, दीपेश अग्रवाल और आयकर अंकेक्षण ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली। अब अध्यक्ष पद पर सांवलाल माहेश्वरी और गजेंद्र सिंह रघुवंशी के बीच मुकाबला होगा। उपाध्यक्ष पद के लिए यशवंत साहू और दीपेश – अग्रवाल, महामंत्री के लिए विवेक जैन कुर्सेट्टिया और मोहित जैन तथा कोषी पद के लिए गज जैन और सोनिल अग्रवाल मैदान

आत्मा योजना में किसानों को मिलेगा पुरस्कार

विदिशा। जिले के किसानों को राष्ट्र मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन के सहीसम जिला एवं विकासखंड स्तरीय कृषक पुरस्कार दिए जाएं हैं। इसमें किसानों को कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य, कृषि अभियांत्रिकी क्षेत्र में कृषकों द्वारा अपनाई गई कृषि तकनीक, उत्पन एवं उत्पादकता के — आधार पर पुरस्कृत किया जाएगा।

जिले की क्रिकेट टीम को लिए वयन ट्रायल 2 व 3 को

विदिशा। राजगढ़ डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा जिले की अंडर-15 (बीयिनर) और अंडर-22 क्रिकेट टीम के चयन के लिए ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। अंडर-15 वर्ग के चयन ट्रायल 2 अक्टूबर सुक्रवार और अंडर-22 वर्ग के ट्रायल 3 अक्टूबर शनिवार को सुबह 11 बजे से होंगे।

दोनों ट्रायल नेताजी सुभाषचंद्र बोस पीजी कालेज के खेल मैदान पर आयोजित किए जाएंगे। ट्रायल में केवल राजगढ़ जिले के खिलाड़ी ही शामिल हो सकेंगे। जिलाधिकारी

साथिया समागम में किशोर-किशोरियों ने नुक्कड़ नाटक से दिया जागरूकता का संदेश

कम उम्र में विवाह, नशे और गलत संगति से बचने का दिया सदेशय

प्रीता संवाददाता ■ भवरा।

राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत कुपोषण को जिला चिकित्सालय सारंगपुर में जिला स्तरीय साथिया समागम कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. प्रविक्षित गढ़पाले ने किया। समागम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे किशोर-किशोरियों ने सामाजिक जागरूकता से जुड़े विषयों पर अपनी प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से कम उम्र में विवाह, नशे और गलत संगति जैसी सामाजिक समस्याओं से बचने का संदेश दिया गया।





कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. गढ़पाले ने साथिया कार्यक्रम की कार्यप्रणाली को सराहा और किशोर किशोरियों के बीच जागरूकता फैलाने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि किशोरावस्था जीवन का महत्वपूर्ण चरण है। इस दौरान शारीरिक और मानसिक स्तर पर कई बदलाव होते हैं, जिनके कारण किशोर किशोरियों के मन में अनेक सवाल और जिज्ञासाएं पैदा होती हैं। ऐसे समय में उन्हें सही मार्गदर्शन और सटीक जानकारी उपलब्ध कराना जरूरी है।

गतिविधियों और जागरूकता के उपायों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किशोरावस्था जीवन का महत्वपूर्ण चरण है। इस दौरान शारीरिक और मानसिक स्तर पर कई बदलाव होते हैं, जिनके कारण किशोर किशोरियों के मन में अनेक सवाल और जिज्ञासाएं पैदा होती हैं। ऐसे समय में उन्हें सही मार्गदर्शन और सटीक जानकारी उपलब्ध कराना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि सही समय पर निर्णय लेने वाली जानकारी किशोरों को मन और मस्तिष्क को स्वस्थ व मजबूत बनाने में मदद करती है। यदि कम उम्र में विवाह, गलत की आदतों और गलत संगति उनके भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। इन्हीं विषयों को लेकर किशोर-किशोरियों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए। प्रस्तुतियों में सामाजिक दायित्वों के साथ उनसे बचाव और जागरूकता के उपायों को भी प्रभावी तरीके से सामने रखा गया। उपस्थित लोगों ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की। समागम के दौरान राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत संचालित उषम मित्रमिक में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। जिला चिकित्सालय से तकनीशियन, आशाएं से समिता घोषी और पंचोर से प्रीति यादव को उनकी सेवाओं के लिए सम्मान मिला। जिले में साथिया बच्चों का डाटा-प्रविष्टित डेटा संकलन करने के उत्कृष्टकीय कार्य के लिए सारंगपुर के सरकार ट्रेनर संदीप मिलाता को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

इसके अलावा प्रत्येक विकासखंड से चयनित दो-दो आशा कार्यकर्ताओं और आशा सुपरवाइजरों को भी सम्मानित किया गया। ब्लाकेएसके कार्यक्रम में लगातार सहयोग देने वाले शिक्षकों और महिला एवं बाल विकास विभाग के अनेक स्तरीय अधिकारियों को उनके योगदान के लिए सम्मान मिला।

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा फोत, चिकित्सा सर्जन डॉ. रजनीश वर्मा, डीसीएम सुमीत वर्मा, सुपरिन्टेण्डेण्ट प्रतिनिधि मेहा बोर्डे, बीएम लक्ष्मण सिंह, कार्यक्रम समन्वयक एवम् दूसरे सहित सभी खंड चिकित्सा अधिकारी, अनेक सीएचए मैनेजर और अनेक कम्युनिटी मैनेजर मौजूद रहे।

सीईसी को हटाने की मांग... कांग्रेस का धरना, रैली व पुतला दहनय दिया ज्ञापन



प्रीता संवाददाता ■ राजगढ़

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार की कार्यप्रणाली और निर्वाचन आयोग से जुड़े मुद्दों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को प्रदर्शन किया।

कांग्रेस पदाधिकारियों ने पहले बिजलीपुरा नाके पर सभा की, जिसमें वक्ताओं ने निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता और मतदाता सूची से जुड़े मुद्दों को लेकर अपनी बात रखी। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने रैली निकालते हुए नाके की ओर मार्च किया। डीटाट संकुचि ते के पास मुख्य निर्वाचन आयुक्त का पुतला दहन किया गया। इसके बाद डिप्टी कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौपकर ज्ञानेश कुमार – को पद से पृथक करने की मांग की गई।

"ए और मतदाता सूची पर सवाल, जांच की मांग: अजय प्रिंसल सिंह की ओर से दिए ज्ञापन में कहा गया कि मतदाता सूची, विशेष गहन पुनरीक्षण (एस), निर्वाचन आयुक्ति आकांक्षा और सूचनाओं की उपलब्धता को लेकर पारदर्शिता एवं निष्पक्षता से संबंधित प्रश्न उठ रहे हैं। कांग्रेस ने इन विषयों की निष्पक्ष उच्चस्तरीय जांच की मांग

छात्रावास में रुकर पढ़ाई की मग्र पुलिस में मुकाम

भवरा। ग्राम सुरवाड़ेकी निवासी हेमर वर्मा ने मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन से सफलता हासिल की है। वे वर्ष 2017–18 में द सीनियर बालक छात्रावास, सारंगपुर में रहे।

सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगनबाड़ी मिलन समारोह आयोजित

प्रीता संवाददाता ■ राजगढ़।



नलेव संकल्प अभियान के अंतर्गत आंगनबाड़ी मिलन समारोह का आयोजन आंगनबाड़ी केंद्र कमांक 12 (ए) एव 12 (बी) में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका उपाध्यक्ष भावना वर्मा एव शिक्षिका बगदर वैष उपस्थित रहीं। अतिथियों ने मंडिताओं एव बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य, टीकाकरण, संतुलित आहार और निरंतर स्वास्थ्य

लाभ के प्रति जागरूक किया। साथ ही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सुकन्या योजना सहित शासन की विभिन्न योजनाओं की जिस्तार से जानकारी दी गई।

सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने के लिए गोद जनकल्याणकारी भराई, गलत शिशु प्रतियोगिता, रंगोली सहित स्थानीय गतिविधियां

की आयोजन की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम के अंत मे अतिथियों द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सीमा सोलंकी, समीता यादव तथा सहायिका रजनी वर्मा एवं मिलनिकस

सीएम हेल्पलाइन पर की गई शिकायत पर दो पेट्रोल पंपों की जांच

प्रीता संवाददाता ■ ब्यावरा



पर पेट्रोल में पानी मिले होने की शिकायत के बाद एक दिवस को राजस्व अपूर्ति अधिकारी राजकुमार कुरव कुंजर, नायब तहसीलदार तथा प्रभारी क्रांतिक आपूर्ति अधिकारी नरसिंहगढ़ सुनीता देवड़ावर ने कुरावर स्थित जाकर स्थल पेट्रोल पंप का निरीक्षण किया। पंप प्रबंधक हर्ष कावरा की उपस्थिति में स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया गया तथा

पेट्रोल के नमूने लिए गए।

जांच के दौरान विभागीय अनुभूति में सामने नवंबरे में तीन डिस्पेंसिंग यूनिट प्रदर्शित होने के बावजूद मौके पर दो डिस्पेंसिंग यूनिट पाई गई। इसके अलावा पैनल के पानी के वाटर सेंसर में फिल्टर नहीं लगा पाया गया। इस की सशीन बंद मिली तथा डिस्थागनकी के लिए तावतेल की व्यवस्था नहीं पाई गई। पंप की पावर एप्लीकी भी उपलब्ध नहीं मिली।

इसी प्रकार सीएम हेल्पलाइन में आवाजक पेट्रोल की शिकायत पर सुरवार स्थित एसबीआर फ्यूल पेंप की भी जांच की गई। पंप

प्रबंधक फ्लाम गहन की उपस्थिति में स्टॉक का भौतिक सत्यापन एवं पेट्रोल की रीयलिंग की गई। जांच में डिस्पेंसिंग यूनिट प्रदर्शित में सहरण नहीं, कर्मचारी डी. निरीक्ष सुन्दर मिला द्वारा जारी एनओसी के नवंबरे तथा मौके पर स्थापित डिस्पेंसिंग यूनिट की संख्या एवं भूमिका टैबलेट की अलग से जानकारी चाई गई।

कलेक्टर ने एफएलएन शिक्षण की गुणवत्ता

प्रीता संवाददाता ■ भवरा

भवरा नगर ब्यावरा में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से शुरू हुए सेवा एक माह के सेवा संकल्प अभियान के तहत कुपवार को वार्ड क्रमांक 6 और 8 पर प्रधानमं मिलन सेवर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता भाजपा पूर्व जिला मंत्री अभिषेक मंडल प्रभारी सविता तावल ने की। इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका बहनों का उपहार प्रधानमंत्री ने 25 साल की सेवा के दौरान 1 घंटे भी छुट्टी नहीं ली अमित शर्मा देकर सम्मान किया।



आंगनवाड़ी केंद्र पर उपस्थित सभी महिलाओं का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। भाजपा पूर्व जिला महामंत्री ब्यावरा नगर प्रभारी पंडित अमित शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन सेवा और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित रहा है। हमारे प्रधानमंत्री ने 25 साल की पेस सेवा में 1 पोर की छुट्टी नहीं ली हुए निरंतर देश सेवा में लगे रहे। मध्य प्रदेश की सरकार डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में काम कर रही है भाजपाकार्यकर्ता ने प्रदेश की लाडली बहनों को लाड़ली बहना योजना से जोड़ा है हर महीने 1500 से कपए बहनों को दिए जा रहे हैं।

पति की मौत के बाद घर से निकालने के लिए विवाद का आरोप, घटना का वीडियो सामने आया

प्रीता संवाददाता ■ ब्यावरा

राजगढ़ जिले के ब्यावरा में घरेलू विवाद के दौरान एक महिला पर उसके ससुर द्वारा मुक्कबाजी के दावना करने का मामला सामने आया है। मामला महिला कमेला राठौर का अस्पताल में उपचार चल रहा है। महिला के सिर में 5–6 टांके लगाए गए हैं। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें एक व्यक्ति महिला पर हमला करता दिखाई दे रहा है।

कमेला के अनुसार उसकी शादी वर्ष 2012 में ब्यावरा निवासी पुनित राठौर से हुई थी। वह चार्ट–17 की बस्ती नगर कौलोनी में पति, सास और ससुर के साथ रहती थी। वर्ष 2021 में सड़क हादसे में पति की मौत हो गई थी। इसके बाद वह सिलाई का काम कर बेटे का पालन-पोषण कर रही है।

दरवाजे पर हुआ विवाद

महिला के अनुसार 24 सितंबर को घर के दरवाजे पर बहसबाजी के दौरान ससुर ने उस पर हमला कर दिया। उसका बेटा भी मौके पर था, जिसने संघर्ष के घटना का वीडियो बनाया।

नदी के स्टॉप डैम के गेट बंद कर जल संरक्षण की पहल

प्रीता संवाददाता ■ सारंगपुर

आगामी गर्मी के मौसम में शहर में पेयजल संकट की स्थिति निर्मित न हो और नागरिकों को निर्बाधित एवं सुचारू पेयजल आपूर्ति मिलती रहे, इसके लिए नगर पालिका परिषद सारंगपुर ने जल संरक्षण की पहल शुरू की है। बुधवार को नगर पालिका



अध्यक्ष मंजुला ललित पालीवाल की उपस्थिति में कालीसिंध नदी पर बने पुराने स्टाप डेम के गेट बंद कराने का कार्य प्रारंभ कराया गया। नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया कि वर्षा ऋतु के बाद नदी में

उपलब्ध पानी का संरक्षण आवश्यक है, ताकि आगामी दिनों में शहर की पेयजल जरूरतों को पूरा किया जा सके। स्टाप डेम के गेट बंद होने से कालीसिंध नदी में पर्याप्त मात्रा में पानी का संग्रहण होगा, जिससे जल स्तर में सुधार आने की उम्मीद है। इससे शहर में निर्बाधित पेयजल प्रदाय बनाए रखने में मदद मिलेगी और गर्मी के दौरान जल संकट की स्थिति से बचाव हो सकेगा। इस जल संरक्षण कार्य से भू–जल स्तर (वाटर टेबल) में भी सुधार होने की संभावना है। नगर पालिका द्वारा नागरिकों से जल संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए यह कदम उठाया गया है। इस दौरान परिषद चार्पसन मोगल पाल, पार्षद अमित गिरासे, राकेश पुष्पद, पार्षद प्रतिनिधि बाबूलाल अहिरवार, भानु रावबाई एवं नगर पालिका कार्यालय शाखा प्रभारी राजकुमार सिंदले सहित अन्य उपस्थित रहे।

माता मंदिर

सात शताब्दियों से आस्था का केंद्र है हो़डा माता मंदिर

मध्यप्रदेश और राजस्थान के श्रद्धालुओं की साझा आस्था का प्रमुख धार्मिक स्थल

प्रीता संवाददाता ■ राजगढ़

राजगढ़ जिले के ढोड ग्राम में पहाड़ियों के बीच स्थित हो़डा माता मंदिर मध्यप्रदेश और राजस्थान के श्रद्धालुओं की साझा आस्था का प्रमुख केंद्र है। राजस्थान सीमा से करीब एक किलोमीटर पूर्व स्थित यह प्राचीन मंदिर लगभग 700 वर्ष पुराना माना जाता है। वर्षभर यहां श्रद्धालुओं का आवागमन बना रहता है। प्राकृतिक परिवेश के बीच पहाड़ी पर स्थित मंदिर श्रद्धालुओं के लिए धार्मिक और सांस्कृतिक महाव रखता है।





जिलाप्रशासन व्यवस्था की मान्यता

स्थानीय धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मंदिर में देवी मां पूर्ण रूप में विराजमान हैं। जनश्रुति है कि महिषासुर और रक्तबीज जैसे राक्षसों का वध करने के बाद माता ने पहाड़ियों पर आसन ग्रहण किया था। शिवत के आसन पर विराजमान होने के कारण उन्हें शिवत्रासन माता के रूप में पूजा गया। बाद में स्थानीय लोकदेवताओं और जनश्रुतियों के चलते माता का यह दरबार हो़डा माता के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

जंगलों और पहाड़ियों से जुड़ी पुरानी परंपरा

स्थानीय बुजुर्गों और पुजारियों के अनुसार करीब सात शताब्दी पहले यह क्षेत्र घने जंगलों और दुर्गम पहाड़ियों से घिरा था। उस समय श्रद्धालु छोटी पिंडी या चबूतरे पर माता की पूजा करते थे। ढोड ग्राम और आसपास के ग्रामीणों तथा चरवाहों की माता के प्रति गहरी आस्था रही है। मान्यता है कि भक्तों की रक्षा के लिए माता ने इस पहाड़ी को अपना निवास बनाया।

दो राज्यों को जोड़ती है आस्था

राजस्थान सीमा के नजदीक होने के कारण मंदिर दोनों राज्यों की साझा सांस्कृतिक धरोहर से जुड़ा है। स्थानीय श्रद्धालुओं के अनुसार विवाहसंबंधन में इस मार्ग से गुजरने वाले राजा–महाराजा, सैनिक और व्यापारी भी माता के दर्शन करते थे। आज भी मध्यप्रदेश और राजस्थान से श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। उनके लिए ढोड़ा माता मंदिर धार्मिक आस्था के साथ साझा परंपरा और सांस्कृतिक जुड़ाव का केंद्र बना हुआ है।

फर्जी आईडी से दोस्ती कर मिलने बुलाया, की मारपीट, चार गिरफ्तार.. दो नाबालिगों को छोड़ा

प्रीता संवाददाता ■ भवरा।

भवरा सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी बनाकर पहले तीसपुर निवासी युवक से दोस्ती की, फिर उसे मिलने के लिए ब्यावरा में अपना नगर स्थित बाग वाले बालाजी मंदिर के पास बुलाया। जब युवक पहुंचा तो यहां उसे आठ दोस्तों से अधिक लोगों ने घेरकर पहले मारपीट की और फिर उसे जबरन मारपीट की। घटना के बाद पीड़ितादी जैसे तैसे बचकर निकला और सीधे थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में तुरंत एक्शन लेते हुए 4 लोगों को हिरासत में लिया, लेकिन दो के नाबालिग होने के कारण उनको छोड़ दिया गया। जीरापुर निवासी प्रदीप पिता रंगलाल मिलाना (20) ने



बताया कि उसे मिलने बुलाया तो

लगा नहीं था कि इस प्रकार घेराबंदी करके मारपीट की जाएगी। जब प्रदीप घटनास्थल पर पहुंचा तो वहां कई लोग मौजूद थे। फरियादी के पहुंचते ही आरोपियों ने उसे घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान चाकू और बेल्ट से युवक को पीटा गया। जैसे–तैसे है।

फरियादी अपनी जान बचाकर वहां से निकला और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। घायल युवक का उपचार सिविल अस्पताल में हुआ। हालांकि कहानी पुलिस के गले नहीं उतर रही है, क्योंकि फरियादी ने कोई तुटपाट की बात नहीं बताई है, साथ ही उसका कहना है कि वह किसी भी आरोपी को पहले से नहीं पहचानता है। हालांकि पुलिस इस मामले की गुत्थी को सुलझाने में जुटी हुई है। प्रकरण दर्ज होने के बाद पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया था। इस मामले में पुलिस ने आरोपी रितिक पुत्र रमेशचन्द्र दांगी (23) निवासी तालोदा और देवराज पुत्र रामचंद्र दांगी (21) निवासी पहोनिया को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया